# संयुक्त प्रयास से आएगा बदलाव : शाह


▸ जोधपुर में छात्रावासों के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए गृहमंत्री



**जोधपुर, 21 सितंबर. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिव्यांगजनों के जीवन में वास्तविक बदलाव तभी संभव है जब समाज, सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं मिलकर काम करें.**

गृहमंत्री शाह ने कहा कि दिव्यांग नागरिकों, बच्चों और माताओं की चुनौतियां अब भी बहुत बड़ी हैं, लेकिन समाजसेवा से जुड़ा हर प्रयास उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है. अमित शाह रविवार को जोधपुर स्थित पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नए भवन और छात्रावासों के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में विकलांग शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का प्रयोग शुरू कर सम्मान की नई दृष्टि दी. इस बदलाव ने न केवल समाज, बल्कि केंद्र व राज्य सरकारों के दृष्टिकोण को प्रभावित किया और दिव्यांगों में आत्मसम्मान व आत्मनिर्भरता की भावना जागृत हुई.

शाह ने पैरालंपिक खेलों का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 1960 से 2012 तक भारत ने केवल आठ पदक जीते थे, जबकि पिछले तीन पैरालंपिक खेलों में देश ने 52 पदक हासिल किए. यह उपलब्धि दर्शाती है कि दिव्यांगजन किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं. वे डॉक्टर, कलेक्टर, उद्यमी सब कुछ बन सकते हैं जरूरत केवल उनका हाथ थामने और अवसर देने की है. उन्होंने पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझड़िया का उल्लेख करते हुए कहा कि एक मां अपने बेटे के लिए गहने बेचती है और वही बेटा देश के लिए स्वर्ण पदक लाकर तिरंगे का मान बढ़ाता है. शाह ने कहा कि मोदी सरकार दिव्यांगों के कौशल विकास और खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार कार्य कर रही है. केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का बजट बढ़ाकर 1313 करोड़ रुपये कर दिया गया है. साथ ही 1314 सरकारी भवनों को 563 करोड़ रुपये खर्च कर दिव्यांग अनुकूल बनाया गया है. 35 अंतरराष्ट्रीय और 55 घरेलू हवाई अड्डों को भी दिव्यांगों के लिए सुगम किया गया है. पिछले दस वर्षों में 31 लाख दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं. उन्होंने कहा कि भारत ने दस गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किए हैं, जिनमें आठ अपने ही रिकॉर्ड तोड़कर बनाए गए. यह देश के लिए गौरव की बात है. शाह ने नेत्रहीन महाविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि आज 15 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, जिनमें नया शैक्षणिक भवन और छात्रावास शामिल हैं.



## हरिद्वार में पितृ विसर्जन अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरिद्वार,21सितंबर.** पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर रविवार को हरकी पैड़ी सहित गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. सुबह से ही हजारों की संख्या में लोगों ने गंगा स्नान कर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और तर्पण अर्पित किया. मान्यता है कि पितृ विसर्जन अमावस्या वर्ष की सबसे बड़ी अमावस्या होती है. इसी दिन श्राद्ध पक्ष की पूर्णाहुति होती है और पितरों को विदाई देकर पितृलोक के लिए प्रेषित किया जाता है. हरिद्वार के सतीघाट, राजघाट, शीतला माता घाट, दक्षेश्वर महादेव मंदिर घाट, कुशा घाट, गणेश घाट और विशेष महत्व रखने वाली नारायणी शिला पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं.

# युवा एक कदम बढ़ाएं, राजस्थान सौ कदम चलेगा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नशा छोड़ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का किया आह्वान



**जयपुर, 21 सितम्बर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं से नशा छोड़ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान कर कहा कि युवा एक कदम आगे बढ़ाएंगे, तो राजस्थान सौ कदम तेजी से चलेगा.**

शर्मा रविवार सुबह अमर जवान ज्योति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन दिन के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित नमो युवा रन-नशा मुक्त भारत के लिए मैराथन में एकत्रित युवा प्रतिभाओं को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने मैराथन हरी झंडी दिखाकर को रवाना किया. उन्होंने राज्य सरकार को युवाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि अब तक लगभग 75 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा में नियुक्तियां दी जा चुकी हैं. आगामी दिनों में एक साथ 25 हजार युवाओं को नियुक्तियां और दी जाएगी. उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में हस्ताक्षरित एमओयू के माध्यम से लगने वाले उद्योग निजी क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे. शर्मा के कहा कि युवाओं को मन लगाकर मेहनत करनी है, 21वीं सदी भारत की ही होगी. शर्मा ने कहा कि मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राज्य सरकार सेवा पखवाड़ा मना रही है.

सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर और शहरी सेवा शिविर के माध्यम से अंतिम पायदान के व्यक्ति को राहत दी जा रही हे. इस अवसर पर जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक जितेंद्र गोठवाल एवं गोपाल शर्मा, जयपुर ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावत, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित चैची, पार्टी के जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल आदि सहित बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी मौजूद थे.



## साल का आखिरी सूर्य ग्रहण

**नई दिल्ली 21 सितम्बर.** साल 2025 का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण रविवार रात को करीब 11 बजे लगा. और रविवार-सोमवार की रात तड़के 3 बजकर 32 मिनट पर खत्म हो गया. सूर्य ग्रहण आंशिक रहा, जिसमें चंद्रमा ने सूर्य का केवल एक हिस्सा ढका और कुछ जगहों पर आसमान में अर्धचंद्राकार सूर्य दिखाई दिया. यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं दिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में साफ नजर आया.

# ट्रम्प ने फिर अफगानिस्तान को धमकाया

**वाशिंगटन, 21 सितंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान को धमकी देते हुए चेताया है कि अगर उसने बगराम एयरबेस तुरंत वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए.**



बगराम एयरबेस काबुल से लगभग 50 किलोमीटर उत्तर में स्थित है और यह दो दशकों तक अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो के अभियानों का केंद्र था. वर्ष 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद तालिबान ने इस बेस पर नियंत्रण कर लिया.अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी हालिया ब्रिटेन यात्रा के दौरान कहा कि अमेरिका बगराम एयरबेस को वापस लेने की कोशिश कर रहा है. ट्रम्प की इस टिप्पणी ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया. अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या अमेरिका अफगानिस्तान में फिर से सैनिकों को तैनात करने जा रहा है. ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि अमेरिका अफगानिस्तान के साथ एयरबेस पर नियंत्रण वापस पाने के लिए बातचीत कर रहा है. उन्होंने कहा, हम इसे वापस चाहते हैं. हम इसे जल्द वापस लेना चाहते हैं. अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो आपको पता चल जाएगा कि मैं क्या करने जा रहा हूं.

## संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक 23 को

**वाशिंगटन, 21 सितंबर.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में 20 देशों के नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं. राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से कहा मैं संयुक्त राष्ट्र में कई सारे नेताओं से मिलने जा रहा हूं. संयुक्त राष्ट्र महासभा का 80वां सत्र नौ सितंबर को प्रारम्भ हुआ है. परंपरा के मुताबिक, इसी ढांचे के तहत एक उच्च स्तरीय सप्ताह का आयोजन किया जायेगा.

## एक नजर में



### अमेरिका अंतरिक्ष दौड़ में पिछड़ रहा

**वाशिंगटन, 21 सितंबर.** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की चंद्र परियोजना में देरी के कारण अमेरिका अंतरिक्ष की दौड़ में पीछे हो रहा है. स्पेसएक्स का चंद्र मिशन के लिये नासा के साथ करार है. एक मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है. स्पेसएक्स की चंद्र लैंडर परियोजना अपने तय समय इतनी पीछे है कि इस बात पर शक बढ़ रहा कि अमेरिका चीन को मात दे पायेगा. चीन की अपनी योजना और लैंडिंग की तारीख 2030 तय है. मीडिया से बात करते हुए नासा के पूर्व अधिकारियों ने कहा कि मुताबिक स्पेसएक्स का रॉकेट स्टारशिप इस मिशन के लिये कई सालों में तैयार हो पायेगा. स्टारशिप द्वारा अब तक अंतरिक्ष यात्रियों या वाणिज्यिक माल ढोना बाकी है और हाल ही मे तीन से चार परीक्षणों के दौरान विस्फोट हो चुका है.

### गुरदासपुर में दस किलो हेरोइन बरामद

**जालंधर,21 सितंबर.** सीमा सुरक्षा बल( बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने रविवार को गुरदासपुर सीमा पर सीमा पार से तस्करी के मामले में भारी मात्रा में हेरोइन बरामद कर चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया . बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह, एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर, बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर के थेथरके गाँव के इलाके में एक संयुक्त अभियान में चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया. उनके कब्जे से दस किलो हेरोइन के पांच पैकेट के साथ-साथ तीन मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिलें जब्त की गईं. पकड़े गए तस्कर क्रमशः गुरदासपुर जिले के मानेपुर और बल्लगन गाँव तथा अमृतसर के पाखा तारा सिंह और पल्ला कॉलोनी के निवासी हैं.

### वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे 10,000 तीर्थयात्री

**जम्मू, 21 सितंबर.** जम्मू- कश्मीर के रियासी जिले में कटरा आधार शिविर से यात्रा फिर से शुरू होने के बाद से चार दिनों में लगभग 10,000 भक्तों ने श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की. यह यात्रा 18 सितंबर सुबह फिर से शुरू हुयी थी, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उसी दिन स्थगित कर दी गई थी. एक दिन स्थगित रहने के बाद 19 सितंबर को यात्रा फिर से शुरू हुयी. आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि लगभग 2,000-2,500 तीर्थयात्री प्रतिदिन मंदिर में दर्शन करते हैं. उन्होंने कहा, पिछले चार दिनों में यह आंकड़ा लगभग 10,000 को छू गया है. सोमवार से शुरू होने वाले नवरात्रों के दौरान यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है.

# नमो युवा रन को धामी ने दिखाई झंडी

▸ सेवा पखवाड़े के तहत खुद दौड़ में हुए शामिल



**देहरादून, 21, सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत, रविवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के घंटाघर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'नमो युवा रन' को हरी झंडी दिखाई और साथ ही प्रतिभागियों के साथ दौड़ में सम्मिलित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया.**

इस अवसर पर धामी ने कहा कि 'नमो युवा रन' केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में ऊर्जा, स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है. इस प्रकार की गतिविधियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'फिट इंडिया मूवमेंट' को नई दिशा और व्यापक जनभागीदारी प्रदान कर रही हैं. उन्होंने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें. कार्यक्रम के तहत अन्य आयोजन भी किए गए जिसमें सीएम शामिल हुए.

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को नई गति मिल रही है और 'सेवा पखवाड़ा' के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सकारात्मक योगदान देने का अवसर प्राप्त हो रहा है. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं की ऊर्जा राष्ट्रहित में और अधिक सार्थक होती है. इसमें अन्य गणमान्य व्यक्ति ने भाग लिया.

## आज का इतिहास

1539 - सिख संप्रदाय के पहले गुरु गुरु नानक देव का करतारपुर में निधन. उन्होंने ही 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी.

1789 - अमेरिकी कांग्रेस ने पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय को अधिकृत किया.

1792 - फ्रांस गणराज्य की स्थापना की घोषणा हुई.

1903 - अमेरिकी नागरिक इटालो मार्चिओनी को आइसक्रीम कोन के लिए पेटेंट दिया गया.

1914 - मद्रास बंदरगाह पर जर्मन युद्धपोत इम्देन ने बमबारी की.

# सीजफायर का उल्लंघन, पाक ने एलओसी पर चलाई गोलियां

▸ भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**श्रीनगर, 21 सितंबर. पाकिस्तानी सेना ने शनिवार रात को उत्तरी कश्मीर के नौगाम सेक्टर( कुपवाड़ा ) में सीजफायर का उल्लंघन करते हुए अकारण गोलाबारी की.**

पाकिस्तानी सेना ने यह दुस्साहस सऊदी अरब के साथ हुए रक्षा समझौते के ठीक एक दिन बाद किया, जिसका भारतीय सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए दुश्मन की निगरानी चौकी को व्यापक नुकसान पहुंचाया. सेना के द्वारा संघर्ष विराम के उल्लंघन की देर रात तक पुष्टि नहीं की गई थी. सूत्रों ने बताया कि शाम करीब साढ़े पांच बजे पाकिस्तान द्वारा नौगाम सेक्टर के तूतमार गली में स्थित भारतीय चौकियों पर गोलाबारी की. भारतीय सेना के जवानों ने पहले इसे महज उकसावे की कार्रवाई मानते हुए संयम बरता, लेकिन जब गोलाबारी की तीव्रता बढ़ने लगी तो उन्होंने भी जवाबी फायर किया. करीब 40 मिनट तक दोनों तरफ से लगातार भीषण गोलाबारी होने की सूचना है. पाकिस्तानी सैनिकों की तरफ से गोलाबारी बंद होने के बाद भारतीय जवानों ने भी जवाबी प्रहार बंद कर दिया. पाकिस्तानी सैनिकों ने फिर भारतीय चौकियों पर गोलाबारी की तो भारतीय जवानों ने भी कड़ा जवाब दिया.

# महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट हैक

हैकर्स ने पाकिस्तान और तुर्की के झंडे की तस्वीरें की पोस्ट



**मुंबई, 21. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के एक्स खाते को रविवार को हैक कर लिया और उस पर पाकिस्तान और तुर्की के झंडे वाली तस्वीरें पोस्ट की.**


हैकर्स ने शिंदे के खाते से दो इस्लामिक देशों की तस्वीरें ऐसे वक्त पोस्ट की हैं, जब भारत और पाकिस्तान एशिया कप में अपना दूसरा मैच खेलने वाले है. एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को जानकारी दी. उन्होंने कहा कि खाते को ठीक करने में 30 से 45 मिनट का समय लगा. बता दें कि यह घटना उस दिन हुई जब एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच दूसरा मुकाबला खेला जाना है. इससे सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है. हालांकि तकनीकी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी पोस्ट हटा दिए और अकाउंट को पुनः प्राप्त कर लिया.

## दिल्ली पुलिस ने किया 13 अपराधियों को गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 21 सितंबर.** पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए गए विशेष 'घेराबंदी और तलाशी अभियान' में बड़ी सफलता हासिल की है। इस अभियान में पुलिस ने कुल 13 अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिनमें दो अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट के सदस्य, दो लुटेरे और नौ तड़ीपार शामिल हैं. पुलिस ने 145.86 ग्राम स्मैक और 3,000 रुपये लूटी गई नकदी भी बरामद की. पूर्वी जिला डीसीपी अभिषेक धनिया ने बताया कि एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने 15 सितंबर को मंडावली क्षेत्र से घोषित अपराधी मोहम्मद रफीक उर्फ सोनू को 44.75 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा.

# यूपी को विकसित बनाने नागरिक बनेगा योजक

'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विजन-2047' कार्यक्रम में बोले सीएम योगी



**लखनऊ, 21 सितम्बर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप उत्तर प्रदेश भी 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' पर काम कर रहा है.**

इस विजन में 12 प्रमुख सेक्टर चिन्हित किए गए हैं. मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि राज्य का हर नागरिक सरकार द्वारा जारी क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य दे. योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर स्थित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विजन-2047' विषयक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 1947 में देश की अर्थव्यवस्था में यूपी का योगदान 14 प्रतिशत था, लेकिन समय के साथ इसमें गिरावट आई. वर्ष 2017 तक राज्य की जीडीपी 12.36 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वर्ष के अंत तक बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये होने जा रही है. प्रति व्यक्ति आय भी 45 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये पर पहुँची है. मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी ने विकसित भारत के लिए आवाज उठाकर नई पहल की है. अगस्त में विधानसभा और विधान परिषद में 24 घंटे लगातार चर्चा कर विजन तैयार किया गया.


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रामाधीन सिंह पिता प्रभु सिंह निवासी मुहेर तहसील सिंगरौली नगर निगम सिंगरौली (मध्य प्रदेश) मैं शपथ पूर्ण निम्नलिखित घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, वार्ड पार्षद द्वारा जारी साजरा प्रमाण पत्र एवं पटवारी हल्का धोरौलीकला द्वारा प्रतिवेदन पंचनामा में लेख किया गया है कि रामाधीन सिंह के आश्रित सदस्यों में उनकी पत्नी राजमती सिंह की मृत्यु हो चुकी है एवं उनकी पुत्री बसंती देवी, रुनती देवी, बबीता सिंह, ललिता सिंह एवं कुमारी रेखा सिंह है। आवेदक के अनुरोध पर एनसीएल एवं अन्य उपयोग हेतु यह जारी किया गया है। यदि आवेदक द्वारा प्रस्तुत जानकारी दस्तावेज गलत पाए जाते हैं तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी आवेदक पक्ष की होगी।

**शपथकर्ता**

### रजिस्ट्री गुमने की आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी संजय कुमार पटेल पिता स्व. श्री अभय राज पटेल ग्राम बघौडी पोस्ट सुडवार तहसील सिहावल जिला सीधी मध्य प्रदेश का रहने वाला हूं। मुझ प्रार्थी की पटवारी हल्का बघौडी ग्राम बघौडी की आराजी नंबर 339/1/3 रकवा 0.0130 हे. की रजिस्ट्री गुम गयी है। जिसकी लिखित सूचना पुलिस थाना अमिलिया में दर्ज है।

**प्रार्थी**
संजय कुमार पटेल
ग्राम-बघौडी, पोस्ट सुडवार
तहसील-सिहावल
जिला सीधी (म.प्र.)


आर्थिक मदद ▸ बिहार महादलित विकास मिशन मुख्यमंत्री का तोहफा

# विकास मित्रों को टैबलेट खरीदने मिलेंगे 25 हजार



**पटना, 21 सितंबर. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के ज़रिये बड़ी घोषणा करते हुये कहा है कि न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुये समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिये बिहार सरकार लगातार प्रयासरत है.**

इसी कड़ी में विकास मित्रों और शिक्षा सेवकों के लिये कई अहम फैसले लिये गये हैं, जिनसे न सिर्फ उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि मनोबल भी ऊंचा होगा. मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत कार्यरत प्रत्येक विकास मित्र को टैबलेट खरीदने के लिए एकमुश्त 25,000 रुपये की सहायता राशि दी जायेगी. इसका उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों का डेटा संधारण और अन्य कार्यों में तकनीकी सुविधा उपलब्ध कराना है. इसके साथ ही विकास मित्रों के परिवहन भत्ते को 1,900 रुपया से बढ़ाकर 2,500 रुपया प्रतिमाह और स्टेशनरी भत्ते को 900 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रूपया प्रतिमाह कर दिया गया है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे उन्हें क्षेत्र भ्रमण और दस्तावेज संग्रहण जैसे कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी. सरकार ने शिक्षा सेवकों (तालिमी मरकज सहित) को भी बड़ा तोहफा दिया है. महादलित, दलित, अल्पसंख्यक और अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों की शिक्षा और अक्षर आंचल योजना के तहत महिलाओं को साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.

इसके साथ ही शिक्षण सामग्री मद में दी जाने वाली राशि को 3,405 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये प्रति केंद्र प्रतिवर्ष कर दिया गया है. इससे बच्चों को बेहतर शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जा सकेगी. मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया है कि इन निर्णयों से विकास मित्रों और शिक्षा सेवकों का मनोबल बढ़ेगा और वे और भी उत्साहपूर्वक समाज के वंचित तबकों के बीच काम करेंगे. सेवकों को स्मार्टफोन खरीदने के लिए 10,000 रुपये की राशि दी जायेगी.

# 5100 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला मोदी आज रखेंगे

**नई दिल्ली, 21 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का दौरा करेंगे, जहां वे 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे.**



प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को बताया कि अरुणाचल प्रदेश के बाद मोदी त्रिपुरा जाएँगे और पूजा-अर्चना करेंगे. वे माताबाड़ी में 'माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर' के विकास कार्यों का उद्घाटन भी करेंगे. क्षेत्र में विशाल जलविद्युत क्षमता के दोहन और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ईटानगर में 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे. इनमें हीओ जलविद्युत परियोजना (240 मेगावाट) और तातो-द्वि जलविद्युत परियोजना (186 मेगावाट) शामिल हैं, जो अरुणाचल प्रदेश के सियोम उप-बेसिन में विकसित की जाएंगी.